प्रेषक,

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,
उधमसिंह नगर।

सेवा में,

निदेशक
आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें
उत्तराखण्ड, देहरादून।.

पत्रांकः 2746 /2022–23/ दिनांकः 31/01/2023

विषयः योग अनुदेशकों की साक्षात्कार विज्ञप्ति/आवेदन पत्र को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

उपरोक्त विषयक अनुरोध है कि शासन के पत्र संख्या 2696/XL-1/2023-41/2021 दिनांक 04 जनवरी 2023 के अनुपालनार्थ एवं निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या 10515–10517/जी–384/2022 दिनांक 10 जनवरी 2023 के क्रम में जनपद उधम सिंह नगर स्थित आयुष हैल्थ एंव वैलनेस केन्द्रों हेतु योग अनुदेशक (04 पुरूष योग अनुदेशक एवं 04 महिला योग अनुदेशक) का चयन वॉक इन इन्टरव्यू के आधार पर किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि पत्र के साथ संलग्न विज्ञप्ति पत्र एवं आवेदन पत्र को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

संलग्नकः विज्ञप्ति पत्र एवं आवेदन प्रारूप।

भवदीय

(डा0 आशुतोष पन्त)
जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
उधमसिंह नगर।

CamScanner

कार्यालय जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, उधम सिंह नगर

पत्रांक संख्या 2744-45 दिनांक 31-01-23

विज्ञप्ति

आयुष मंत्रालय भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जनपद उधम सिंह नगर के आयुष हेल्थ एवं वैलनेस केन्द्र रामनगर वन/नादेही/खानपुर पश्चिम/लालपुर में दैनिक योगाभ्यास कराये जाने हेतु योग अनुदेशक (04 महिला एंव 04 पुरूष) से निम्न सेवा शर्तों एंव प्राविधानों के अन्तर्गत चयन समिति के माध्यम से चयनोपरान्त कार्य लिया जाना प्रस्तावित है–

01	कार्य लिये जाने का प्रकार	दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर
02	आयु सीमा	न्यूनतम 21 वर्ष
	शैक्षिक योग्यता	न्यूनतम इण्टरमीडिएट
03	व्यवसायिक योग्यता	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0ए0/बी0ए0सी0 योग/बी0पी0एड0 (जिसमें न्यूनतम 06 माह योग को एक विषय के रूप में अध्ययन किया गया हो/एम0ए0 योग/योग में एक वर्षीय डिप्लोमा अथवा इण्टर मीडिएट के पश्चात योग सर्टिफिकेशन बोर्ड (वाई0सी0बी0) से योग वैलनेस इन्स्ट्रक्टर सर्टिफिकेट कोर्स/योग एंव प्राकृतिक चिकित्सा सहायक डिप्लोमा ।
04	कार्य अवधि (पुरूष)	प्रत्येक माह 01 घण्टे के 32 योग सत्र संचालित कराना
05	कार्य अवधि (महिला)	प्रत्येक माह 01 घण्टे के 20 योग सत्र संचालित कराना
06	पारिश्रमिक	पुरूषों हेतु रू0 250.00 प्रति योग सत्र (प्रति दिवस 01 घण्टे का योग सत्र)/अधिकतम रू 8000/ प्रतिमाह। महिला हेतु रू0 250.00 प्रति योग सत्र (प्रति दिवस 01 घण्टे का योग सत्र)/अधिकतम रू 5000/ प्रतिमाह।

1–चयन वॉक इन इन्टर के माध्यम से जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

2–चयनित योग अनुदेशकों की नियुक्ति पूर्ण अस्थाई होगी।

3–योग अनुदेशकों के कार्यों के दैनिक मूल्यांकन के आधार पर दैनिक पारिश्रमिक का निर्धारण रू 250/– प्रति योग सत्र (प्रतिदिवस 01 घण्टे का योग सत्र) के आधार पर किया जायेगा, जिसका भुगतान मासिक रूप से किया जायेगा, जो कि अधिकतम रू0 8000/– (पुरूष अनुदेशक हेतु) अधिकतम रू0 5000/–(महिला अनुदेशक हेतु) रहेगा।

4–योग अनुदेशकों के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी का योग्यता का मूल्यांकन अभ्यर्थी के निवास स्थान, शैक्षिक योग्यता, व्यवसायिक योग्यता, अनुभव, शारीरिक दक्षता, योग कौशल , व्यवहार कुशलता व आई0टी0 के सामान्य ज्ञान के आधार पर किया जायेगा।

5–चयनित योग अनुदेशकों से केवल 01 एच0डब्लू0सी0 में की कार्य लिया जा सकेगा।

6–कार्य करने हेतु सर्वप्रथम स्थानीय अभ्यर्थी (जिस ग्राम में आयुष एच0डब्लू0सी0 स्थापित हो) को प्राथमिकता दी जायेगी।

7–योग अनुदेशकों के रूप में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी हेतु विभाग की वेबसाइट www.uttarakhandayurved.in जनपद उधम सिंह नगर की usnagar.nic.in वेबसाइट, निकटतम आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कार्यालय जनपद उधम सिंह नगर से प्राप्त कर सकते है।

8–योग अनुदेशकों के रूप में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी मूल अभिलेखों सहित (समस्त शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र) दिनांक 14.02.2023 को प्रातः 10 बजे से जिलाधिकारी उधमसिंहनगर कार्यालय पसिर स्थित कक्ष संख्या 12 (अपर जिलाधिकारी कार्यालय) में संपर्क करेंगे।

(डा0 आशुतोष पन्त)
जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
उधमसिंह नगर।

CamScanner

योग अनुदेशकों की नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप

अभ्यर्थी का नाम	
पिता/पति का नाम	
जन्म तिथि	
आयु वर्ष माह दिन	
आवेदित आयुष हैल्थ वैलनेस का नाम	
निवास स्थान एवं मूल निवास का पूर्ण पता	
क्या अभ्यर्थी स्थानीय निवासी है हा/नही	
मूल निवास से आवेदित हैल्थ वैलनेस केन्द्र की दूरी	
शैक्षिक योग्यता	
व्यवसायिक योग्यता	
अनुभव का विवरण	
मोबाइल नम्बर/वाट्सएप नम्बर	
पत्रचार का पूर्ण पता पिन कोड के साथ	

हस्ताक्षर

अभ्यर्थी का नाम

पता

CamScanner